**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 05.09.2025**

# थाना निवाड़ी पुलिस द्वारा लूट करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध की गयी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही।

श्रीमान पुलिस उपायुक्त ग्रामीण जोन, कमिश्नरेट गाजियाबाद श्री सुरेन्द्र नाथ तिवारी के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपराध नियंत्रण हेतु थाना निवाडी पर समाज विरोधी क्रियाकलापों में लिप्त 02 शातिर अभियुक्तों के विरुद्ध 2/3 उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप (निवारण) अधि0 1986 का अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त कार्यवाही से अपराध व आपराधिक गतिविधियों में अकुंश लगेगा।

गिरोह सरगना अलीशान ने अपने सहअभियुक्त शान मौहम्मद के साथ मिलकर दिनांक 25/26.05.2025 को वैशाली एडवरटाइजर्स PVT कंपनी सारा रोड में रात्रि के समय गार्ड को बन्धक बनाकर मारपीट करते हुए लगभग 15 लाख के जेवर व 10 लाख रूपये नगद लूट लिये थे। जिसमें विधिक कार्यवाही करते हुए थाना निवाडी पुलिस व स्वाट टीम ग्रामीण द्वारा अभियुक्त शान मोहम्मद उर्फ सोनू पुत्र बाबू निवासी वार्ड नंबर 8 शिवाल खाश थाना जानी मेरठ उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस, वैशाली सारा से लूटी हुई पीली व सफेद धातु की लगभग 15 लाख रुपए की कीमत की ज्वैलरी व 09 लाख 14 हजार रुपए व लूट की घटना में प्रयुक्त 01 अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई तथा अभियुक्त अलीशान पुत्र खचेडू को पीसीआर पर लेकर उसकी निशादेही पर लूट के 88000 रू0 बरामद किये गये थे। इनके द्वारा अवैध रुप से धन लाभ अर्जित करने के लिये एक संगठित आपराधिक गिरोह बना रखा है। इस गिरोह की सक्रियता जनपदीय है व इस गिरोह द्वारा लूट जैसे अपराध कारित कर धन व अवैध सम्पत्ति अर्जित की गयी है।

लूट की घटनाएं कारित कर अनुचित तरीके से धनोपार्जन करने वाले उक्त गिरोह के विरुद्ध थाना निवाडी पर मु0अ0सं0 148/25 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप (निवारण) अधि0 1986 पंजीकृत कराया गया।

**नाम व पता अभियुक्तगण-**

1. **गैंग लीडर -** अलीशान पुत्र खचेडू निवासी सिवाल खास थाना जानी जनपद मेरठ, उम्र 22 वर्ष

2. शान मौहम्मद पुत्र बाबू निवासी सिवाल खास थाना जानी जिला मेरठ ,उम्र 25 वर्ष

| **आपराधिक इतिहास** | | | |
|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | अभियुक्त का नाम व पता | पंजीकृत गैंग | कुल पंजीकृत अभियोगों की संख्या |
| 1 | अलीशान पुत्र खचेडू निवासी सिवाल खास थाना जानी जनपद मेरठ, उम्र 22 वर्ष | लूट जैसे अपराधों से संबंधित **डी-379/2025** | 02 |
| 2 | शान मौहम्मद पुत्र बाबू निवासी सिवाल खास थाना जानी जिला मेरठ ,उम्र 25 वर्ष | लूट जैसे अपराधों से संबंधित **डी-379/2025** | 02 |

## सड़क सुरक्षा हेतु यातायात पुलिस का स्कूल/कॉलेज स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान

पुलिस आयुक्त, गाजियाबाद महोदय के निर्देशानुसार, कमिश्नरेट गाजियाबाद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आमजन विशेषकर स्कूली छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न स्कूलों में जाकर स्कूली छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टॉफ को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा यातायात नियमों का पालन किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत एस0डी0 इंटर कॉलेज, विद्या बाल भवन, फातिमा इंटर कॉलेज, रेयान इंटरनेशनल स्कूल, सरदार पटेल पब्लिक सीनियर सेकण्डरी स्कूल, नेशनल पब्लिक स्कूल आदि में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन सभी स्कूल/कॉलेज में जोन के सहायक पुलिस आयुक्त, यातायात एवं यातायात निरीक्षक गणों के द्वारा स्वंय उपस्थित रहकर लगभग 2,900 छात्र/छात्राओं एवं स्कूल/कॉलेज स्टॉफ को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई। छात्र/छात्राओं को सड़क पार करते समय सावधानी बरतने, हेलमेट/सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, तेज रफ्तार एवं लापरवाही से वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का वाहन चलाते समय प्रयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रशिक्षित किया गया। साथ ही, उन्हें 'गुड समेरिटन' (सड़क दुर्घटना में घायल की मदद करने वाले सज्जन नागरिक को शासन द्वारा 25,000/- रू0 पुरस्कार के रूप में प्रदान किये जाने) की भूमिका एवं अधिकारों से भी अवगत कराया गया।

इस अभियान का उद्देश्य न केवल भविष्य के जिम्मेदार नागरिकों को तैयार करना है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में यथासंभव कमी लाना एवं यातायात नियमों के प्रति शत-प्रतिशत जागरूकता सुनिश्चित करना है।

यह अभियान आगामी दिनों में भी नियमित रूप से जारी रहेगा, ताकि गाजियाबाद में एक सुरक्षित एवं सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

**सुरक्षित रहें - सुरक्षित चलें**

**अपर पुलिस उपायुक्त, यातायात**
**कमिश्नरेट-गाजियाबाद।**

## थाना वेव सिटी पुलिस द्वारा अभियान चलाकर लालकुंआ चौराहा को ट्रैफिक जाममुक्त किया गया एवं यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गयी।

पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट गाजियाबाद महोदय एवं पुलिस उपायुक्त ग्रामीण जोन, कमिश्नरेट गाजियाबाद महोदय के निर्देशानुसार कमिश्नरेट गाजियाबाद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना वेव सिटी क्षेत्र में पडने वाले लालकुंआ चौराहा पर सहायक पुलिस आयुक्त, वेव सिटी कमिश्नरेट गाजियाबाद महोदया की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा

एवं अत्याधिक जाम की स्थिति सुचारू / सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से थाना वेव सिटी पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत थाना वेव सिटी पुलिस एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से मिलकर लालकुंआ चौराहा को जाम मुक्त कर यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहनों के विरूद्ध MV Act के अन्तर्गत 50 चालान किये गये तथा सड़क पर ठेल-ढकेल लगाकर एवं दुकानों के सामने सडक पर बोर्ड एवं बैनर लगाकर जाम की स्थिति उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध अन्तर्गत धारा 152 BNSS में 200 चालान किये गये तथा साथ ही साथ वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराकर जागरूक किया गया।

इस अभियान का उद्देश्य न केवल भविष्य में जाम की स्थिति उत्पन्न ना हो, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में यथासंभव कमी लाना एवं यातायात नियमों के प्रति शत-प्रतिशत जागरूकता सुनिश्चित करना है।

यह अभियान आगामी दिनों में भी नियमित रूप से जारी रहेगा, ताकि थाना वेव सिटी क्षेत्र के लालकुंआ चौराहे को अतिक्रमण मुक्त करवाकर यातायात व्यवस्था सुगम एवं सुचारू रूप से की जा सके।

**सुरक्षित रहें - सुरक्षित चलें**

## थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम द्वारा गुम हुयी बच्ची को उसके परिजनों की तलाश कर उनके सुपुर्द किया गया।

आज दिनांक 05.09.2025 को समय करीब 14.00 बजे थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्रान्तर्गत क्रॉसिंग गोल चक्कर के पास 01 बच्ची उम्र लगभग 04 से 05 वर्ष है मिली जो उम्र कम होने के कारण घर का सही पता नहीं बता पायी। परिजनों का पता लगाने हेतु थाना स्तर से टीम का गठन किया गया तथा आसपास जानकारी व अथक प्रयास के उपरान्त गुम हुयी बच्ची के परिजनों की तलाश कर बच्ची को परिजनों के सुपुर्द किया गया, परिजन अपने बच्ची को पाकर काफी खुश हुए।

परिजन ने बताया कि हम दोनों पति-पत्नी कपडों पर प्रेस करने का काम करते है, बच्ची खेलते-खेलते कही निकल गयी, हम लोग बच्ची को तलाश करने का काफी प्रयास कर रहे थे। बच्ची के न मिलने के कारण परिवार में काफी दुख का माहौल हो गया था परन्तु पुलिस के प्रयास से हमारी बच्ची हमें सकुशल मिल गयी है जिससे हमारे परिवार में अब खुशी का माहौल है।

**<u>कार्यवाही करने वाली टीम</u>**

थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम